संदर्भ सं. राबै/ नदि / / एफ़एएस-प्रतिस्थापन/2019-20 दिनांक: 20 March 2020

<u>केवल एम्पैनल कांट्रेक्टरों से</u>

मैसर्स ____________________
____
____

प्रिय महोदय,

<u>निविदा आमंत्रण सूचना / NOTICE INVITING TENDER</u>

<u>नाबार्ड, नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय में अग्निशमन प्रणाली को बदलने हेतु निविदा</u>

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय अपने 24, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली - 110008 में स्थित कार्यालय परिसर में अग्निशमन प्रणाली को बदलना चाहता है तथा इस हेतु सूचीबद्ध विक्रेताओं से कोटेशन आमंत्रित करता है । आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्य हेतु मोहरबंद लिफाफे में अपने कोटेशन इस कार्यालय में जमा करें । इसके लिए दो चरणों की बोली प्रक्रिया अपनाई जा रही है अर्थात तकनीकी-वाणिज्यिक पहलुओं के संबंध मे पूर्व-योग्यता बोली और प्रतिस्पर्धी दर बोली। निविदा दस्तावेज नाबार्ड की वैबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा हमने आपकी रजिस्टर्ड ईमेल पर भी भेजे हैं ।

1) दरें कोट करने से पहले बोलीकर्ता को निविदा दस्तावेज़ सावधानीपूर्वक पढ़ लेना चाहिए। निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे साइट का दौरा करें, मौजूदा परिस्थितियों का सर्वेक्षण करें ताकि कार्य की प्रकृति और कार्यक्षेत्र के बारे में ठीक से समझ सके और दरें कोट/ देने से पहले, यदि आवश्यक हो, नाबार्ड से सभी स्पष्टीकरण प्राप्त कर लें।

2) निविदा भाग - । (प्री-क्वालिफिकेशन / टेक्निकल बिड) और भाग -॥ (फाइनेंस बिड) दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत करें जो "महाप्रबंधक/ प्रभारी अधिकारी, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, 24, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली - 110008" को संबोधित हो और लिफाफे पर "कार्यालय परिसर में अग्निशमन प्रणाली को बदलने हेतु निविदा" लिखा हो। निविदाकर्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित टेंडर मुहरबंद लिफाफे मे नाबार्ड कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर के रिसेप्शन पर उपलब्ध निविदा बॉक्स मे 10 अप्रैल 2020 को 14:30 बजे या उससे पहले जमा करना होगा। देर से प्राप्त निविदा या फैक्स/ ईमेल/ पोस्ट के माध्यम से प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी और रद्द कर दी जाएगी।

3) निविदा के पार्ट- । (प्री-क्वालिफिकेशन बिड) में प्री-क्वालिफिकेशन बिड, प्री-इंटिग्रिटी पैक्ट, ईएमडी जमा करने का प्रमाण; और टेंडर डॉक्यूमेंट में निर्धारित नियम और शर्तों का निष्पादन शामिल होगा। निविदा के भाग- ॥ में निर्धारित प्रारूप में केवल वित्तीय बोली होगी। वित्तीय बोली में कोई अन्य नियम और शर्तें नहीं होनी चाहिए। यदि निविदा दस्तावेज में कोई भी नियम और शर्त शामिल की गई, तो निविदा को खारिज कर दिया जाएगा।

4) **केवल एक लिफाफे में प्रस्तुत की गई निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी** और संबंधित बोलीकर्ताओं को अनखुली निविदाएँ वापस कर दी जाएंगी।

5) पहले निविदा का भाग- । (पूर्व-योग्यता बिड) 10 अप्रैल 2020 को 16:00 बजे निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पर खोला जाएगा। प्री-क्वालिफिकेशन बिड / टेंडर के आधार पर, केवल पात्र बोलीकर्ताओं की वित्तीय बोलियां (भाग- ॥) प्रतिस्पर्धी दरों के लिए खोली जाएगी/ विचार की जाएगी।

6) किसी भी निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार नाबार्ड के पास सुरक्षित रहेगा है, न्यूनतम (एल1) निविदा या किसी भी निविदा को स्वीकार करने के लिए नाबार्ड बाध्यकारी नहीं होगा।

7) निविदाएं जो नाबार्ड की सभी या किसी शर्त को पूरा नहीं करती हैं या किसी भी रूप में अधूरी हैं और यदि, नाबार्ड द्वारा निर्दिष्ट शर्तों के अलावा निविदाकार निविदा मे अपनी शर्तें लगाता है तो निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।

8) निविदा दस्तावेज में कोई भी विसंगति, चूक, अस्पष्टता, यदि कोई हो, या उनके अर्थ में कोई संदेह हो तो "महाप्रबंधक / प्रभारी अधिकारी, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, 24, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली - 110008" को लिखित में सूचित करें जो इसकी समीक्षा करेंगे और यदि मांगी गई जानकारी स्पष्ट रूप से वर्णित या निर्दिष्ट नहीं है तो नाबार्ड सभी निविदाकारों को स्पष्टीकरण जारी करेगा जो करार दस्तावेज का हिस्सा बन जाएंगे। यदि, निविदा दस्तावेजों में विसंगति, चूक, अस्पष्टता या उनके अर्थ में किसी संदेह की सूचना निविदा प्रस्तुत करने की तारीख से **तीन कार्य दिवस** पहले तक, नाबार्ड की जानकारी में नहीं लाई जाती है तो इस बारे मे नाबार्ड जिम्मेदार नहीं होगा।

9) निविदाकर्ता को **रु. 15,000 / - (रुपये पंद्रह हज़ार मात्र)** बयाना राशि (ईएमडी) सीधे नाबार्ड के खाते में जमा करनी होगी जिसका विवरण नीचे दिया गया है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो निविदा खारिज कर दी जाएगी। बोलीकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। सफल बोलीदाता को काम देने के बाद, असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि टेंडर डॉक्यूमेंट के साथ हमारे करंट अकाउंट मे उक्त राशि जमा करने की पावती की एक प्रति देनी होगी, अन्यथा टेंडर को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10) नाबार्ड के चालू खाते का विवरण नीचे दिया गया है:

खाते का नाम: **नाबार्ड**
चालू खाता संख्या: **911020045182397**
बैंक का नाम: **एक्सिस बैंक**
पता: **पटेल नगर, नई दिल्ली - 110008**
IFSC कोड: **UTIB0001006**

11) प्रस्ताव की वैधता मूल्य बोली खोलने की तिथि से 90 दिन होगी। बाज़ार मूल्य मे कोई संशोधन होता है और करार दरें संशोधित बाज़ार मूल्य की दरों से कम हैं या जीएसटी में बदलाव होता हैं, को छोड़कर, सफल बोलीदाता द्वारा उद्धृत दरें करार की अवधि के अंत तक अपरिवर्तित रहेंगी, और अन्य जगह वर्णित अन्य नियमों और शर्तों के अधीन रहेगी।

12) सफल निविदाकर्ता को निविदा के स्वीकृत मूल्य के 2% बराबर राशि प्रारंभिक सिक्यूरिटी जमा (Initial Security Deposit) के रूप मे टेंडर देने के 15 दिनों के भीतर जमा करना आवश्यक होगा ।अंतिम बिल से 5% की दर से रिटेंशन मनी डिपॉजिट (RMD) वसूल की जाएगी । कार्य के संतोषजनक समाप्ति के एक साल या वारंटी अवधि जो भी पहले हो उसके बाद इसे वापस कर दिया जाएगा और इस पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। सफल निविदाकार की बयाना जमाराशि (ईएमडी) को प्रारंभिक

सिक्यूरिटी जमा मे समायोजित किया जाएगा। यदि ठेकेदार अनुबंध के किसी भी नियम और शर्त का उल्लंघन करता है या काम / सेवा को पूरा करने में विफल रहता है तो सिक्योरिटी डिपॉजिट जब्त करने के लिए उत्तरदायी होगा।

13) नाबार्ड, नई दिल्ली, क्षेत्रीय कार्यालय, 24, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली - 110008 में 27 मार्च 2020 को 15:00 बजे प्री-बिड मीटिंग आयोजित की जाएगी। साइट का दौरा करने के बाद, आप अपने संदेहों / प्रश्नों, यदि कोई हो, के स्पष्टीकरण के लिए बैठक में आमंत्रित है।

14) इच्छुक बोलीदाताओं को प्री-कॉन्ट्रैक्ट प्री-कॉन्ट्रैक्ट इंटिग्रिटी पैक्ट (राज्य के संबंधित स्टांप एक्ट के अनुसार) निष्पादन करना होगा, ऐसा नहीं करने पर निविदा खारिज कर दी जाएगी। सभी संभावित बोलीदाताओं / वेंडरों को बैंक के साथ एक इंटिग्रिटी पैक्ट निष्पादित करना होगा अन्यथा वे निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बाह्य मॉनिटर (IEM) निम्नलिखित है:

श्री सुबोध कुमार गोयल
501, Tower – 6,
Common Wealth Games Village,
New Delhi - 110092

15) यह निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) भी निविदा दस्तावेज का हिस्सा होगी।

भवदीय,

Sd/-

(विकास भट्ट)
उप महाप्रबंधक